कार्यालय नगर पालिक निगम रतलाम म.प्र.

923

दिनांक 17-11-2020

बैठक कार्यवृत दिनांक 17-11-2020

दिनांक 17-11-2020 को प्रातः 11.00 बजे समय सीमा (TL) शिकायतों का निराकरण करवाये जाने हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

1- श्री विकास सोलंकी, प्र0 उपायुक्त,
2- श्रीमती ज्योति सुनारिया, सहायक आयुक्त,
3- श्रीमती नीता जैन सहायक आयुक्त,
4- श्री सुरेशचन्द्र व्यास-प्र0कार्यपालन यंत्री,
5- श्री एम.के. जैन प्र0कार्यपालन यंत्री, विकास शाखा,
6- श्री श्याम कुमार सोनी प्र0सहायक यंत्री,
7- श्री अनवर कुरेशी-प्र0सहायक यंत्री,
8- श्री ए.पी.सिंह प्र0स्वास्थ्य अधिकारी,
9- श्री अरविंद दशोत्तर प्र0सहायक यंत्री,
10- श्री रामचन्द्र शर्मा प्र.कार्यालय अधीक्षक/प्र.विकास शाखा,
11- श्री बी.एल. चावरे-सहायक वर्ग-2,
12- श्री कपिल मारोठिया, सिटी मिशन मैनेजर,
13- श्री नितिन तिवारी, सिटी मिशन मैनेजर,
14- श्री हेमन्त बन्दोड़िया, स्थायीकर्मी,

बैठक में समय सीमा (TL) शिकायतों का निराकरण संबंधी शिकायतों के निराकरण के संबंध में समीक्षा की गई व विस्तृत समीक्षा उपरान्त निम्नानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया :-

1- नामान्तरण, खरीदी व निर्माण आदि की जितनी भी समस्त प्रकार की विज्ञप्ति जारी हो वह नगर निगम की वेबसाईड rmcratlam.in पर अपलोड की जाय ताकि निगम वेबसाईट पर कोई भी नागरिक आनलाईन पढ़ सके व साथ ही सी.एम.ए. (सिटी मैनेजर एसोसिएशन) संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. की वेबसाइट में अपलोड किए जाने हेतु श्री नरेन्द्र वर्मा (9893318859) को भेजी जाय।

2— यह देख लें कि निगम की वेबसाईड rmcratlam.in पर प्रमुख–प्रमुख चीज अपलोड हो जाय यह सुनिश्चित किया जाय निगम की वेबसाईड पर अपलोड कराने हेतु निज सहायक, आयुक्त कार्यालय उत्तरदायी रहेंगे।

3— श्री शैलेन्द्र पटेल, वेब डिजाईनर को 1–2 दिन में बुलवाकर के समक्ष में चर्चा करायी जाए।

4— अनुक्रमांक 10 की टी.एल. लक्जरी वाहन खरीदी बाबत श्री सुरेशचन्द्र व्यास प्र0कार्यपालन यंत्री, श्री एम.के. जैन प्र0कार्यपालन यंत्री, श्री श्याम कुमार सोनी प्र0सहायक यंत्री व श्री रामचन्द्र शर्मा प्र0कार्यालय अधीक्षक साथ में बैठकर के उक्त टी.एल. का निराकरण करवायें। श्री व्यासजी कार्यपालन यंत्री से इस हेतु 25 नवंबर 2020 तक प्रतिवेदन तैयार करवा लिया जाय ।

5— डे.एन.यु.एम.एम. अन्तर्गत एसएसएमआईडी घटक के वित्तीय वर्ष 2020–21 में निम्न प्रगति के संबंध में वर्क आर्डर जारी कर दें । श्री नितिन तिवारी सिटी मिशन मैनेजर, रोजगार मूलक जितनी भी योजनाएं हैं उनका तेजी से क्रियान्वयन करते हुए करते हुए ज्यादा से ज्यादा बेरोजगारों को इसका लाभ देने हेतु कार्य किया जाय ।

6— अनुक्रमांक 20 पर अंकित पेंशन योजनाओं में जिनके भुगतान असफल हुए हैं उनको चैक किया जाए।

7— टी.एल. अनुक्रमांक 28 रतलाम शहर की जर्जर खस्ताहाल सड़कों के बाबत श्री सुरेशचन्द्र व्यास प्र0कार्यपालन यंत्री व श्री जी.के. जायसवाल प्र0कार्यपालन यंत्री टी.एल. बात प्रस्ताव प्रेषित किया जाए । जिस हेतु पूरी सड़कों का सर्वे किया जाय पश्चात रिपेयरिंग की जावे। इस हेतु उप यंत्रियों की ड्यूटी लगायी जाय ।

8— श्री व्यासजी, हनुमान ताल पर वेस्ट जर्जर अवस्था में होने से तालाब का जल स्तर कम हो रहा है इसे दिखवायें व वेस्ट वियर पर 6–8 फीट चोड़ाई का ब्रिज बनाये जाने हेतु कार्यवाही की जाय। ताकि हनुमान ताल को रमणिक पिकनिक स्थल बनाया जा सके ।

9— हनुमान ताल पर कितनी मात्रा में मछली है का सर्वे करवाया जाकर पता लगवाया जाकर आवश्यक कार्यवाही की जाय। ताकि तालाब पर मछली पकड़ने के अवैध कार्य रोका जा सके ।

10— नजरबाग क्षेत्र में 5000 वर्गफीट निकाय की जमीन बाबत् प्रकरण समक्ष में रखा जाय।

11— अनुक्रमांक 51 पीएमएव्हाय (सबके लिए आवास 2020) शहरी, अन्तर्गत स्वीकृत (ए. एच.पी.) अफोर्डेबल हआउसिंग इन पार्टरशिप घटक—3 योजना के पात्र संनिर्माण कर्मकार मण्डल में पंजीकृत हितग्राहियों को मण्डल से राशि रू0 1.00 लाख अतिरिक्त अनुदान उपलब्ध कराये जाने के संबंध में श्री सुरेशचन्द्र व्यास प्र0कार्यपालन यंत्री व श्री श्याम कुमार सोनी प्र0 सहायक यंत्री देखकर निराकरण करवायें ।

12— अनुक्रमांक 55 यातायात व्यवस्था हेतु क्रेन उपलब्ध करवाने के संबंध में 2 साल के लिए किराये पर क्रेन लेंगे तो कितना किराया लगेगा व खरीदी करेंगे तो कितनी लागत आएगी इसे देखते हुए कार्यवाही की जाए ।

13— कार्यालय अधीक्षक, अपील के प्रकरणों में अपील की सुनवाई हेतु तारीख लगवा लें ।

14— अनुक्रमांक 85 की संचालनालय की टी.एल. में नगरीय निकायों को भू—स्वामी हक में नजूल भूमि के आवंटन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाय ।

15— 100 दिवस से अधिक समय से लंबित सी.एम. हेल्पलाईन का निराकरण भी करवाया जावे ।

उक्त बिन्दुओं के संदर्भ में समय पर कार्यवाही की जाकर निराकरण किया जावे । साथ ही जो जानकारी मांगी गई है उसका प्रतिवेदन प्रेषित किया जावे ।

(सोमनाथ झारिया) 17/11/2020
आयुक्त
नगरपालिक निगम.रतलाम

पृ0क्र0/923/37/नि.स./2020, रतलाम, दिनांक 17—11—2020

प्रतिलिपि,

1— कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय, नगरपालिक निगम.रतलाम की ओर अवलोकनार्थ ।

2— समस्त विभागीय अधिकारी, नगर पालिक निगम—रतलाम ।

3— संबंधित श्री ———————————— नपानि रतलाम की ओर सूचनार्थ एवं टी.एल. शिकायत के निराकरण हेतु पालनार्थ प्रेषित।

सही/
आयुक्त
नगरपालिक निगम.रतलाम